## एक नजर में

### जिले में अब तक 339.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर।** जिले में इस वर्ष अब तक औसतन 339.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जब कि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 1.9 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 0 मि.मी., सीतामऊ में 0 मि.मी., सुवासरा में 0 मि.मी., गरोठ में 9.6 मि.मी., भानपुरा में 8.4 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 0 मि.मी., धुधंड़का में 0 मि.मी., शामगढ़ में 3.4 मि.मी., संजीत में 0 मि.मी., कयामपुर में 0 मि.मी. एवं भावगढ़ में 0 मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अब तक वर्षा मापक केन्द्र मंदसौर में 463.0 मि.मी., सीतामऊ में 244.2 मि.मी. सुवासरा में 192.8 मि.मी., गरोठ में 271.6 मि.मी., भानपुरा में 919.2 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 162.0 मि.मी., धुधंड़का में 279.0 मि.मी., शामगढ़ में 295.6 मि.मी., संजीत में 246.0 मि.मी., कयामपुर में 243.9 मि.मी. एवं भावगढ़ में 420.0 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1289.75 फीट है।

### जिले में पशुओं का विक्रय करनें वाले अपनी दुकानो, संस्थाओं व प्रतिष्ठानो का 24 अगस्त तक पंजीयन करवाए

**मंदसौर।** उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में पशुओं का विक्रय करनें वाली दुकानो व संस्थाओं के संचालक (कुत्ते, बिल्ली, पक्षी, मछली या कोई अन्य पाल्तू जानवर शामिल है) एवं श्वानों के प्रजनन केन्द्र/दुकान अपने प्रतिष्ठानो का पंजीयन 24 अगस्त 2025 तक कार्यालय म.प्र. राज्य पशु कल्याण सलाहकार मण्डल भोपाल में पालतू पशुओं की दुकान नियम, 2018 (Pet shop Rules-2018) के नियम 3 और 4. श्वानो के प्रजनन और विपणन नियम 2017 (Dog-Breeding-and-Markeeting Rules-2017) के नियम 3 और 4 के तहत कराए। अन्यथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम-1960 अंतर्गत संचालक के विरूद्ध वैधानिक कार्यवही की जावेगी। अधिक जानकारी के लिए दुरभाष नंबर 07422-241294 कार्यालय उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंदसौर पर संपर्क कर सकतें है।

### मंदसौर में पुन: शुरू हो केम्प कोर्ट- विधायक विपिन जैन ने उठाई आवाज

**मंदसौर।** जिले के विधायक विपिन जैन ने मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि अपर आयुक्त, संभाग उज्जैन का केम्प कोर्ट पुन: मंदसौर में प्रारंभ किया जाए। अपने पत्र में विधायक जैन ने बताया कि जिला अभिभाषक संघ, मंदसौर की मांग के अनुसार यह आवश्यक है कि पूर्व की भांति केम्प कोर्ट मंदसौर में ही संचालित हो। पूर्व में यह कोर्ट मंदसौर से ही लगाया जाता था, जिससे जिले के राजस्व न्यायालयों के अनेक प्रकरणों की सुनवाई स्थानीय स्तर पर हो जाती थी। हाल ही में केम्प कोर्ट को बंद कर दिए जाने से न्यायिक प्रक्रिया बाधित हो गई है और लोगों को न्याय के लिए उज्जैन जाना पड़ रहा है। विधायक जैन ने उल्लेख किया कि मंदसौर में यह कोर्ट पिछले 20 वर्षों से सुचारू रूप से संचालित था। अब इसके उज्जैन स्थानांतरित हो जाने से न केवल समय की बर्बादी हो रही है, बल्कि आम जनता को न्याय पाने के लिए पाँच गुना अधिक आर्थिक व्यय भी उठाना पड़ रहा है। यह स्थिति गरीब और ग्रामीण वर्ग के लिए विशेष रूप से कष्टप्रद हो रही है। जहां एक ओर विधायक विपिन जैन ने सक्रियता दिखाते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अपना प्रयास शुरू ककर दिया है, वहीं अभिभाषक संघ ने मुख्यमंत्री , उप मुख्यमंत्री और दोनों सांसदों को भी पत्र लिखा है . अभिभाषक संघ अध्यक्ष रघुवीर सिंह पंवार ने आशा जताई है कि अन्य सभी जन जनप्रतिनिधि भी जल्द ही इस समस्या के समाधान हेतु सक्रिय होकर जनता को राहत दिलवाने का प्रयास करेंगे। ताकि मंदसौर में केम्प कोर्ट की सुविधा पुन: शीघ्र बहाल की जा सके।

## हरियाली अमावस्या पर्व श्रद्धा से मनाया, मोड़ी माताजी मंदिर में तीन दिवसीय मेला आकर्षण का केंद्र

▶ भजन संध्या में विधायक सहित जनप्रतिनिधि होंगे शामिल



**भानपुरा। नगर में हरियाली अमावस्या का पावन पर्व गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में मनाया गया। नगर के विभिन्न मंदिरों में आकर्षक सजावट एवं मनोहारी श्रृंगार किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन, आरती व दान-पुण्य के कार्यों में भाग लेकर धार्मिक आस्था का परिचय दिया। इस अवसर पर नगर में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित हुए।**

नगर की आराध्य देवी मां मोड़ी माताजी मंदिर परिसर में नगर परिषद भानपुरा के तत्वावधान में तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ विधिपूर्वक महा आरती, महाप्रसादी वितरण एवं सुंदरकांड पाठ के साथ हुआ। नगर परिषद द्वारा पार्षद विवेक सोनगरा को मेला समिति का सभापति नियुक्त किया गया, जिनके मार्गदर्शन में मेले के आयोजन में आकर्षक विद्युत सज्जा, साज-सज्जा एवं अन्य व्यवस्थाएं की गईं।मेले में नगर परिषद अध्यक्ष मनोज शुक्ला, उपाध्यक्ष सुमित रावत, सभापति प्रतिनिधि विजय गिरोठिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जीवन राय माथुर सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया।गुरुवार को हरियाली अमावस्या पर मेला पूरे निखार पर रहा। नगर सहित अंचल क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने मां मोड़ी माताजी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा मेले का आनंद लिया।

### भजन संध्या का आयोजन आज

मेले के समापन अवसर पर शुक्रवार रात्रि को भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्रीय विधायक श्री हरदीप सिंह डंग सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। नगर परिषद द्वारा आयोजित यह भजन संध्या भक्तिमय वातावरण में आस्था का अनुपम संगम प्रस्तुत करेगी।

## डाक विभाग का विशेष सुकन्या रक्षा अभियान 25 जुलाई से 30 सितम्बर तक

नवभारत न्यूज

**मंदसौर। डाकघर अधीक्षक द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश डाक विभाग द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खोलने हेतु 25 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक एक विशेष ड्राइव सुकन्या रक्षा अभियान प्रारंभ किया जा रहा है।** जिसके अंतर्गत मंदसौर एवं नीमच जिले में 0 से 10 वर्ष आयु तक की बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि खाते खोले जाएंगे। साथ ही बचत खाते / आरडी/ टीडी आदि भी खोले जाएंगे। इस अभियान का प्रारम्भ मुख्य पोस्टमास्टर जनरल द्वारा 25 जुलाई को प्रात: 11:30 बजे भोपाल कार्यालय से किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य बालिकाओं को वित्तीय रूप से सशक्त एवं सुदृढ़ बनाना है। मंदसौर एवं नीमच जिले के समस्त नागरिक अपनी बालिकाओं का इस अभियान के अंतर्गत डाकघर मे सुकन्या समृद्धि / बचत खाता / आरडी/ टीडी आदि खाते खुलवाकर बालिकाओं को वित्तीय रूप से सशक्त एवं सुदृढ़ बनावे।

अधिक जानकारी के लिए अधिक्षक डाकघर कार्यालय मंदसौर पर संपर्क कर सकते है।




## नावांकुर सखी के रूप में हरियाली यात्रा निकाली

नवभारत न्यूज

**मंदसौर। मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की तृप्ती बैरागी द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद जिला मंदसौर ब्लॉक मल्हारगढ़ सेक्टर मूंदड़ी एवं दलौदा में नावांकुर सखी कार्यक्रम के तहत नावांकुर सखियों की कलश यात्रा निकाली गई।** जिसमें पंजीकृत सखिया ग्रामीण बच्चे और लड़कियां शामिल हुई। यात्रा पुरे गांव में निकाली गई। यात्रा के पूर्व सखियों के साथ महादेव जी का पूजन अर्चन कर गणेश वंदना की गई।

पूज्य संत श्री द्वारा पूजन अर्चन करके सभी को शुभकामनाएं देते हुए महिलाओं को पर्यावरण के प्रति जोड़ने के लिए जो यह अभियान के माध्यम से कदम उठाया गया उसके लिए प्रशंशा की गई और जो अंकुरित थैलियां सखियों को बांटी जा रही उसे ईश्वर का वरदान समझ कर एक वर्ष तक उसे पोषित कर उस पौधे को लगाए इस हेतु सभी को कहा गया।



## जय अंबे, मालीका, देव डूंगरी माता की महाआरती हुई, मालपुए का लगा भोग

▶ हरियाली अमावस्या पर्व पर अतिथीयों द्वारा पौधरोपण समिति के सदस्यों का हुआ सम्मान


**मंदसौर।** सावन मास के त्यौहार हरियाली अमावस्या के पावन पर्व कल 24 जुलाई गुरुवार को रेवास देवड़ा रोड़, स्थित चमत्कारी एक प्रसिद्ध मंदिर पर जय अंबे, कालिका देव डूंगरी माता मंदिर, माता रानी की भव्य महाआरती हूई। मालपुए का भोग लगाया। मंदिर परिक्षेत्र मे एनजीओ आरपीएस, जन एवं संस्कृति विकास समिति के आह्वान पर एक पेड़ मॉ के नाम अभियान तहत वहृद पौधारोपण किया गया, ।

जय अम्बे, देवडूंगरी मातारानी भक्त मंण्डल के सदस्य पं.जगदीश बैरागी ने बताया की प्रतिवर्ष पुरे सावन मास मे हरियाली के लिए पौधरोपण

समिति अध्यक्ष बंशी राठौर, राधेश्याम मारू का अतिथीयों द्वारा मातारानी के दुप्पटा पहनाकर सम्मान किया गया।

**एक नजर** | जिला शिक्षा समिति डॉ. मनुप्रिया विनीत यादव की अध्यक्षता में शिक्षा समिति की बैठक

## शिक्षा समिति की बैठक में लैपटॉप एवं स्कूटी वितरण की समीक्षा पर चर्चा की



**मंदसौर जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष जिला शिक्षा समिति डॉ. मनुप्रिया विनीत यादव की अध्यक्षता में शिक्षा समिति की बैठक जिला पंचायत के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई।**

बैठक में सांदीपनी विद्यालयों में इस वर्ष कितने एडमिशन हुए उसकी जानकारी, गरोठ भानपुरा विकासखण्ड के उमावि विद्यालयों के प्राचार्यो से इस वर्ष के रिजल्ट पर विस्तार से चर्चा, विगत 3 वर्षो में स्कूल यूनीफॉर्म एवं इसके टेंडर प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा, जिले के सभी प्राइवेट स्कूल की फीस का मापदण्ड, वर्ष 2022 से 2025 तक जिले के सभी स्कूल में मेंटेनेंस के लिए व्यय की गई राशि की जानकारी, लैपटॉप एवं स्कूटी वितरण की समीक्षा पर चर्चा की।

बैठक में मंदसौर जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ. मनुप्रिया विनीत यादव के द्वारा सख्त निर्देश दिये गये कि जिले में कहीं भी जर्जर भवन में बच्चों को नहीं बिठाया जाएं एवं जिस प्रकार सांदीपनी विद्यालय की बसों में कैमरे लगाए गए हैं, इसी प्रकार यह सुनिश्चित किया जाए की प्राइवेट स्कूलों की बसों में कैमरे लगे है या नहीं और अगर नहीं लगे तो आवश्यक रूप से कैमरे लगाए जाएं एवं स्कूल की बसों के ड्राइवर के पास लाइसेंस है या नहीं इसकी जांच हो एवं जो बस संचालित हो रही है वह चलने में सक्षम है या नहीं इसकी भी जांच की जाए। बस की स्पीड लिमिट हर बस पर लिखी होनी चाहिए और लिमिट से अधिक अगर चले तो शिकायत का नंबर भी पीछे लिखा होना चाहिए। उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्य से चर्चा में देखा गया कि कहीं-कहीं तो रिजल्ट में उतार आया है और कहीं चढ़ाव आया है इसीलिए उनसे कहा गया कि अपने रिजल्ट में हर साल चढ़ाव की कोशिश करें अप में जाये डाउन में नहीं जाएं यही लगातार प्रयास करें। जिले में सभी सरकारी स्कूल हो या प्राइवेट स्कूल सभी में शुगर चार्ट लगाना सुनिश्चित किया जाए ।

# नीमच

## एक नजर में

### खनिज टीम द्वारा अवैध खनिज परिवहन पर 5 वाहन जप्त-अवैध भण्डारण के दो प्रकरण पंजीबद्ध



**नीमच।** खनिज अधिकारी गजेन्द्रसिह डाबर एवं टीम द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के विरूद्ध कुकडेश्वर, मनासा, सरवानिया महाराज क्षेत्र में गुरूवार को कार्यवाही कर, खनिज रेत मुरूम एवं गिट्टी का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पांच वाहनों को जप्त किया गया है। साथ ही तहसील मनासा में अवैध भण्डारण के दो प्रकरण बनाए जाकर जप्त वाहनों को पुलिस थाना मनासा, कुकडेश्वर एवं सरवानिया महाराज में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है। अवैध परिहवन, उत्खनन में संलिप्त वाहनों में जे.सी.बी. एम.पी.44जी.ए.1888, ट्रेक्टर एम.पी.44ए.आर.0632, ट्रेक्टर पावर टेक न्यू एवं ट्रेलर आर.जे.09जी.सी.8975 तथा ट्रेक्टर महिन्द्रा 275डीआई शामिल हैं।

### बघाना निवासी दो आरोपी जिला बदर

**नीमच।** जिला मजिस्ट्रेट नीमच श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 व 6 (ग) के अंतर्गत अनावेदक इमरान पिता शौकत हुसैन एवं अनावेदक इकराम ऊर्फ आला पिता शौकत हुसैन निवासी जाकिर गली बघाना को 6-6 माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया है। जिला बदर अवधि में उक्त दोनो आरोपी मंदसौर, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, देवास, आगर मालवा सहित नीमच जिले की सीमा में बगैर लिखित अनुमति के प्रवेश नहीं कर सकेंगे। उक्त दोनो आरोपियों के विरूद्ध पुलिस थाना बघाना में विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध होकर न्यायालय में विचाराधीन हैं।

### खेत तालाब निर्माण से श्री बगदीराम अब कर सकेंगे रबी व सब्जी फसलों में सिंचाई

**नीमच।** जिले की ग्राम पंचायत बधावा के ग्राम पाण्डलिया में किसान बगदीराम ने वर्ष 2022 में खेत तालाब निर्माण करवाया है। बगदीराम के खेत में स्थित कुए में पर्याप्त पानी नहीं होने के कारण वह अपनी रबी की फसल का उत्पादन अधिक नहीं कर पाते थे। म.न.रे.गा.के माध्यम श्री बगदीराम ने अपने खेत पर, खेत तालाब निर्माण करवाया हैं। खेत तालाब निर्माण से तालाब में पर्याप्त जल भंडारण हो रहा है। खेत तालाब योजना से अपने खेत पर तालाब निर्माण से क्षेत्र में जल स्तर में वृद्धि हुई है। खेत तालाब निर्माण के संबंध में हितग्राही श्री बगदीराम ने खेत तालाब के लाभ के बारे बताया गया कि उनके कुएं में पर्याप्त पानी नहीं होता था। जिसके कारण वह अपनी रबी फसल का उत्पादन अधिक नहीं ले पाते थे। उनके द्वारा जब से मनरेगा की खेत तालाब योजना से अपने खेत पर खेत तालाब का निर्माण कराया हैं। अब पर्याप्त सिंचाई कर उत्पादन में वृद्धि कर सकेंगे। बगदीराम का कहना है, कि खेत तालाब निर्माण से अब वे रबी फसल एवं सब्जी का उत्पादन भी कर सकेंगे। इस तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं से गरीबों को सहारा मिलता है। खेत तालाब निर्माण से अपने खेत पर तालाब का निर्माण करवाकर, बगदीराम बेहद खुश है एवं वे सरकार को धन्यवाद दे रहे हैं।

## संस्थानों में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग स्थिति की समीक्षा बैठक



नवभारत न्यूज

**नीमच। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), नीमच की 58वीं छमाही बैठक सीटीसी, सीआरपीएफ, नीमच के मैन्स क्लब में बृहस्पतिवार को श्री संदीप दत्ता, महानिरीक्षक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।** इस बैठक का आयोजन भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के आदेशानुसार, नराकास के सदस्य कार्यालयों/संस्थानों में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग की स्थिति की समीक्षा करने तथा राजभाषा नियमों/अधिनियमों की ओर कार्यालय प्रमुखों का ध्यान आकृष्ट करने के लिए किया गया।

+इस बैठक में सीआरपीएफ परिसर में स्थित बल के सभी संस्थानों सहित, नीमच नगर में स्थित 33 केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों/बैंकों/सार्वजनिक उपक्रमों के प्रमुख एवं राजभाषा हिन्दी से जुड़े प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। नराकास सचिव श्री एस.एन.सुमन ने 01 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक की छमाही अवधि के दौरान विभिन्न सदस्य कार्यालयों द्वारा राजभाषा हिंदी में किए गए कार्यों की समीक्षा प्रस्तुत की।

नराकास अध्यक्ष ने समीक्षा अनुसार, कुछ कार्यालयों की राजभाषा कार्यान्वयन की कमियों की ओर उनका ध्यान आकृष्ट किया तथा इस क्षेत्र में किए गए अच्छे कार्यों की सराहना भी की। उन्होंने राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए जारी वार्षिक कार्यक्रम में निधारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूरे मनोयोग के साथ सार्थक प्रयास करने पर बल दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी न केवल हमारी राजभाषा है, अपितु एक वैज्ञानिक भाषा भी और इसलिए हमें हिंदी में कामकाज करने में गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। जिस दिन सभी हिंदी में कार्य करने का दृढ संकल्प ले लेंगे, तो फिर शनै:-शनै: लक्ष्य प्राप्त करने में हमें कोई परेशानी नहीं होगी। इसलिए तकनीकी प्रकृति के कार्यों की विवशता के सिवाय, सभी सदस्य कार्यालय अपना सम्पूर्ण सरकारी कामकाज सरल एवं आम बोल-चाल की हिंदी में करें।

बैठक में नराकास अध्यक्ष एवं आईजी श्री संदीप दत्ता, केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो नीमच के उपायुक्त डॉ. संजय कुमार, आरटीसी नीमच के ब्रिगेडियर( रिटायर्ड) अनमोल सूद डीआईजी, शासकीय अफीम एवं क्षारोद कारखाना नीमच के प्रबंधक श्री संजय कुमार राव, ग्रुप केंद्र नीमच के कमांडेंट प्रमोद कुमार साहू, 4 सिगनल बटालियन के कमांडेंट श्री अनुराग राणा, प्रथम बटालियन के कमांडेंट विजय कुमार सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने सहभागिता की। अध्यक्ष महोदय ने सभी कार्यालय प्रमुखों तथा हिंदी सेवी कार्मिकों को बैठक में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद दिया। अंत में श्री आशीष भटनागर, उप कमांडेंट, सीटीसी, नीमच ने बैठक में उपस्थित सभी कार्यालय प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।




## मनासा में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर सम्पन्न- 82 रोगियों ने उठाया लाभ

**नीमच। शासकीय आयुर्वेद औषधालय मनासा द्वारा जिला आयुष अधिकारी डॉ. आशीष बोरना के निर्देशन में निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनासा में गुरूवार को आयोजित किया गया।** शिविर में आमवात, संधिवात, उदर रोग, विबंध, श्वास,कास,प्रतिशाय, रक्त अल्पता, रक्तचाप,स्त्रीरोग, मधुमेह आदि बिमारियों की जांच कर, निशुल्क औषधियां वितरित की और बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में बताया तथा आवश्यक परामर्श के साथ औषधियां उपलब्ध कराई गई। शिविर में कुल 82 हितग्राहियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में डॉ.मदनलाल पाटीदार, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं श्रीमती सुशीला खिंचावत ने अपनी सेवाएं दी।

**एक नजर** | नवांकुर सखी अभियान अंतर्गत हरियाली यात्रा का आयोजन

## ग्राम सेमली मेवाड़ में महिलाओं ने ली पौधों की जिम्मेदारी




**नीमच। म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा हरियाली अमावस्या से नवांकुर सखी अभियान अंतर्गत हरियाली यात्रा का आयोजन पूरे मध्यप्रदेश में किया जा रहा है इसी के तहत नीमच जिले में नीमच सुरेश लोक शिक्षण समिति द्वारा नीमच विकासखंड अंतर्गत भादवामाता सेक्टर के ग्राम सेमली मेवाड़ में हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम की महिलाओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की।** संस्था द्वारा ग्राम की 34 महिलाओं को नवांकुर सखी बनाया है इन्हें 11-11 नीम, जामुन, बीज रोपित एवं थैलियों को वितरित किया।जिन्हें ये नवांकुर सखी अपने घर की बगिया में वर्षभर पौधे के रूप में विकसित करेंगी। विकसित पौधों को रोपण लायक होने की स्थिति में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान में शासकीय या निजी भूमि में परिवार या अन्य महत्व के अवसरों पर रोपित किया जायेगा। अभियान का प्रमुख उददेश्य नारी शक्ति के माध्यम से स्वैच्छिकता के आधार पर उनकी सतत और सक्रिय भागीदारी से पर्यावरण संरक्षण करना है।

सरपंच मंगू बाई, जिला समन्वयक वीरेंद्र सिंह ठाकुर, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी राजेन्द्र शर्मा, सीएम सी एल डी पी स्टूडेंट शिला बोराना, डॉली बैरागी, मेंटर्स मीनू त्रिपाठी, नवांकुर नीमच सुरेश लोक शिक्षण समिति के राजेंद्र सिंह चौहान एवं सभी ग्रामीण महिलाओं ने हरियाली यात्रा में सहभागिता की।



## कपिलधारा कूप से मिली खेतों में सिंचाई की सुविधा

**नीमच। कपिलधारा कूप निर्माण से किसानों की आमदनी में भी काफी बढोतरी हुई है। अब सिंचाई की सुविधा मिल जाने से किसान, वर्षा आधारित एक फसल लेने की बजाए अब दो फसले लेकर अपना उत्पादन बढा कर, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रहे है।**जिला मुख्यालय नीमच से लगभग 25 किलोमीटर दूर जावद जनपद के ग्राम मैलानखेड़ा की किसान ग्यारसीबाई-श्यामलाल अहीर के खेत में 2.53 लाख रूपये की लागत से कपिलधारा कूप का निर्माण हो जाने से ग्यारसीबाई की आर्थिक स्थिति में काफी बदलाव आया है।म.न.रे.गा.योजना के तहत ग्यारसीबाई के खेत में कूप निर्माण होने से उसके परिवार के सदस्यों को रोजगार तो मिला ही, ।। पहले वे अपनी असिंचित कृषि भूमि में केवल बारिश में ही फसल ले पाते थे। कपिलधारा कूप का निर्माण हो जाने से अब ग्यारसीबाई खरीफ के साथ ही रबी में भी गेहूं, लहसून आदि फसलों का उत्पादन लेने लगी है।